# जनपद–महराजगंज सी0आर0एम0 सहयोगात्मक भ्रमण आख्या

## प्रथम दिवस दिनांक 20.10.2022

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशानुसार दिनांक 20.10.2022 को सी0आर0एम0 टीम के सदस्य के रूप में एस0पी0एम0यू0 से श्री अजय कुमार शर्मा–टीम लीडर–एच0डब्लू0सी0, श्री बृजेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव–टेक्निकल कंसलटेंट–एच0डब्लू0सी0 एवं श्री जयप्रकाश– रीजनल मैनेजर, कम्युनिटी प्रोसेस, कानपुर मंडल द्वारा एस0पी0एम0यू0, लखनऊ से जनपद महराजगंज की सहयोगात्मक यात्रा की गयी। महराजगंज मुख्यालय पर पहुंचकर संध्याकालीन फीडबैक मीटिंग में प्रतिभाग किया गया जिसमे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0, मंडलीय प्रबंधक गोरखपुर मंडल एवं जनपद / ब्लॉक के अधिकारियों के साथ सी0आर0एम0 की तैयारियों के सम्बन्ध में निम्न बिंदुओं के सुदृढ़ीकरण पर वार्ता की :–

1. समस्त रोगी कल्याण समितियों के पंजीकरण की वैधता की जाँच कर ली जाये। वैधता समाप्त होने की दशा में पुनः नवीनीकरण करा लिया जाये। वित्तीय व्यवस्था के अनुसार रोगी कल्याण समितियों के ऑडिट करा लिया जाये। समस्त रोगी कल्याण इकाइयों पर रोगी कल्याण पंजिका की उपलब्धता, कार्यवृत्त का विवरण एवं वित्तीय अभिलेख की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आशा सम्बन्धी दी जाने वाली विभिन्न मदों की प्रतिपूर्ति धनराशि की वाल पेंटिंग समस्त इकाइयों पर कराई जानी चाहिए। आशा भुगतान का विवरण दर्शाने हेतु इकाइयों पर नोटिस बोर्ड की व्यवस्था की जानी चाहिए।
2. जनपद की समस्त इकाइयों पर आशा एवं आशा संगनियो से सम्बंधित प्रतिपूर्ति धनराशि (जैसे–राज्य स्तर बजट, राष्टीय स्वास्थ्य मिशन बजट) का माह सितम्बर तक भुगतान सुनिश्चित किया जाये। समस्त वाउचरो की पूर्णता को देखते हुए समस्त सम्बंधित जिम्मेदार अधिकारियों के हस्ताक्षर करा कर क्रमबद्ध माहवार कर रखे जायें।
3. जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर बनायी जाने वाली समस्त रिपोर्ट्स की बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0, बी0ए0एम0 एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर रखी जानी चाहिए।
4. जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर समस्त डाटाबेस (जैसे–आशा एवं संगिनी डाटाबेस, VHSNC डाटाबेस, JAS डाटाबेस) सम्बंधित विंग के कर्मचारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर रखी जानी चाहिए।
5. ब्लॉक स्तर पर समस्त आशाओ एवं संगिनियो का बीमा योजना के अनुसार जनजीवन बीमा एवं सुरक्षा बीमा में पंजीकरण शतप्रतिशत होना चाहिए।
6. जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर आशा शिकायत प्रकोष्ठ की कमेटी गाइडलाइन के अनुसार गठित होनी चाहिए। शिकायत पेटिका लगायी जानी चाहिए। शिकायत निवारण तंत्र की मीटिंग कराई जानी चाहिए। साथ ही आशा शिकायत प्रकोष्ठ की कमेटी के सदस्यों की वाल पेंटिंग कराई जानी चाहिए।
7. समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों (प्राथमिक स्वास्थ्य स्तरीय एवं उपकेंद्र स्तरीय) की ब्रांडिंग, स्वच्छ पेयजल, बिजली व्यवस्था, औषधियों की उपलब्धता, डायगनोस्टिक्स की उपलब्धता, फर्नीचर की उपलब्धता, CHO के द्वारा की जाने वाली स्क्रीनिंग के उपकरणों की उपलब्धता, CBAC की उपलब्धता करायी जानी चाहिए।
8. समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपकेंद्र स्तरीय) पर कार्यरत CHO/ANM/ASHA के पेंडिंग PBI/TBI का भुगतान जल्द से जल्द करा दिया जाये।

इसके उपरांत जनपद एवं ब्लॉक्स के साथ जनपद के आंकड़ों पर वार्ता की गयी जो निम्न प्रकार हैं –

1. जनपद में कुल 120 सी0एच0ओ0 की नियुक्ति हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों (उपकेंद्र स्तरीय) की गयी है किन्तु कुल 97 सी0एच0ओ0 के द्वारा दैनिक रिपोर्टिंग की जा रही है। किन्तु इनमे 48 सी0एच0ओ0 के द्वारा दैनिक मानको के अनुसार रिपोर्टिंग की जा रही है। 49 सी0एच0ओ0 के द्वारा दैनिक रिपोर्टिंग के मानको से कम रिपोर्टिंग की जा रही है। किन्तु 23 सी0एच0ओ0 के द्वारा दैनिक रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है।
2. जनपद में कुल 120 सी0एच0ओ0 के सापेक्ष कुल 94 सी0एच0ओ0 के द्वारा ई–संजीवनी की जा रही है जिनका एवरेज 12 ओ0पी0डी0 प्रतिमाह है जो असंतोष जनक है। उक्त के सम्बन्ध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 द्वारा दिनांक 22.10.2022 को सांय 4 बजे समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों के प्रभारियों की ट्रेनिंग करायी जाएगी।

3. DVDMS पोर्टल पर कुल 115 केंद्र के सापेक्ष कुल 15 केंद्र के द्वारा इंडेंट किया गया जिसमे जनपद की एलोकेट किये गए रु0 3150000/– के सापेक्ष मात्र रु0 143585/– की औषधियों का इंडेंट किया गया है। इंडेंट शतप्रतिशत केंद्रों द्वारा कराये जाने की आवश्यकता है।

उपरोक्त समस्त डेटा की सम्बन्धी रिपोर्ट सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करा दी गयी है। साथ ही उपरोक्त गैप्स की शतप्रतिशत क्लोजिंग कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया।

इसके पश्चात् मंडलीय प्रबंधक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0एच0, डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0 द्वारा चिन्हित किये गए 4 ब्लॉक्स – सदर, परतावल, निचलौल और फरेंदा के 1 शहरी प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र स्तरीय, एक–एक ग्रामीण प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र स्तरीय, 3–3 उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों की सूचि अग्रिम दिवसों में सी0आर0एम0 की तैयारियों हेतु प्राप्त की गयी।

**<u>द्वितीय दिवस दिनांक 21.10.2022</u>**

दोनों टीमों द्वारा प्रातः 10:00 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अन्य कार्यक्रमों के साथ साथ हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों के कंस्ट्रक्शन, ब्रांडिंग, लोजिस्टिक्स एवं औषधियों की उपलब्धता आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी एवं निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात टीम द्वारा BCPM सदर ब्लॉक सुश्री लवली वर्मा के साथ सदर ब्लॉक की निम्न इकाइयों का भ्रमण किया गया:

**<u>1. उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेमरा राजा, ब्लॉक सदर</u>**

| OBSERVATION | RECOMMENDATION |
| --- | --- |
| द्वितीय टीम द्वारा **उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेमरा राजा, ब्लॉक सदर** का भ्रमण किया गया। जिसमें प्रथम दृष्टया पाया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक पहुंचने का मार्ग गड्ढे में है जिस पर मिटटी डाल कर मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की आवश्यकता है जिससे बरसात की स्थिति में मार्ग बाधित ना हो। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मुख्य द्वार जर्जर स्थिति में है। परिसर में काई जमी हुई है। अनावश्यक झाडिया फैली हैं जिनकी छंटाई कराने की आवश्यकता है। सी एच ओ हेतु निर्मित कक्ष अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ है। पुराने उपकेंद्र में साफ़ सफाई अत्यंत दयनीय है। ANM का रिकॉर्ड रूम पूर्णतः अव्यवस्थित है। उपकेंद्र का शौचालय चोक है। टीकाकरण कक्ष बहुत छोटा है तथा उस कक्ष में ही ANM एवं सी0एच0ओ0 एक साथ बैठते हैं जिससे स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रूप से नहीं चल पा रही हैं। इंटरनल ब्रांडिंग नहीं हुई है। फर्श धंसा हुआ है। जन आरोग्य समिति का गठन नहीं किया जा सका है। उपकेंद्र की खिड़कियाँ टूटी हुई थीं। कमरे में सीलन थी।<br>• ANMs (नंदिनी पटेल एवं स्नेहलता) को सुझाव दिया गया कि जबतक हैंडओवर नहीं होता है कि अपने रिकॉर्ड रूम की साफ़ सफाई कराकर उसमे सी0एच0ओ0 के बैठने की व्यवस्था की जाए।<br>• ANMs को RCH रजिस्टर, ड्यू लिस्ट एवं अन्य रिकॉर्ड के बारे में अभिमुखीकरण किया गया।<br>• ANMs (नंदिनी पटेल एवं स्नेहलता) के पास सी बैक भरने हेतु NCD पोर्टल/अनमोल की आईडी नही थी। उन्हें पोर्टल पर फीडिंग की कोई जानकारी नहीं थी। BCPM को जनपद स्तर से NCD आईडी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br><br>**<u>आंगनवाड़ी</u>:** केंद्र पर 4 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री/सहायिका मौजूद थीं जिन्हे पोषण एवं पोषक आहार के बारे में अभिमुखीकरण किया गया। साथ ही कार्यालय स्तर | मुख्य बिन्दुओं पर कार्य किये किये जाने की आवश्यकता है। |

| | |
|---|---|
| पर उपलब्धता के समय ड्रेस में रहने एवं सम्पूर्ण अद्यतन अभिलेखों के साथ उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया।<br><br>**आशा:** उपकेंद्र से 6 आशा सम्बद्ध हैं जो उपस्थित थीं। आशा डायरी का अवलोकन किया गया। जिसमे लगभग 70 प्रतिशत तक डायरी अद्यतन पायी गयी। गैप्स के सम्बन्ध में आशाओं का अभिमुखीकरण किया गया एवं जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।<br><br>**सी0एच0ओ0:** के पास पूर्ण फर्नीचर उपलब्ध था। रिकॉर्ड के रूप में ANC रजिस्टर, TB रजिस्टर, HBNC रजिस्टर, मासिक मीटिंग रजिस्टर, इम्यूनाइजेशन एवं HRP रजिस्टर उपलब्ध थे। सी0एच0ओ0 को OPD, ड्रग स्टॉक, रेफेरल एवं फॉलोअप एवं इन्वेंट्री रजिस्टर से सम्बंधित अभिलेख पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। डेली एवं मंथली रिपोर्टिंग पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। EDL एवं डायग्नोस्टिक लिस्ट उपकेंद्र पर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उपकेंद्र पर हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज की दवाएं भी उपलब्ध नही थी। | |

## 2. हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं डिलीवरी पॉइंट दरौली , ब्लॉक सदर

| OBSERVATION | RECOMMENDATION |
|---|---|
| द्वितीय टीम द्वारा दूसरी इकाई **हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं डिलीवरी पॉइंट दरौली, ब्लॉक सदर** का भ्रमण किया गया। जिसमे प्रथम दृष्टया पाया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस कक्ष तक जाने के रास्ते को बनाया जाना आवश्यक है। हैंडपंप लगा था एवं चल रहा था परन्तु ऊपर टंकी में पानी चढाने की व्यवस्था नहीं है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कोई फर्नीचर उपलब्ध नहीं था। सी0एच0ओ0 इसी माह मातृत्व अवकाश से लौटी है। आवश्यकतानुरूप सी–बैक फॉर्म की उपलब्धता नही थी। दवाइयां उपलब्ध नहीं थी। उपकेंद्र की ब्रांडिंग समुचित नहीं थी। कमरे में सीलन थी। उपकेंद्र का शौचालय चोक है एवं टाइल्स टूटी हुई थीं। सी0एच0ओ0 के पास कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। कोई उपकरण उपलब्ध नहीं था। पुराने उपकेंद्र की ब्रांडिंग नहीं हुई है।<br>**डिलीवरी पॉइंट:** सफाई की व्यवस्था सामान्य पाई गई। ANM एवं आशाएं मौजूद थी। डिलीवरी पॉइंट पर प्रसव हेतु आवश्यक उपकरण एवं औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डिजिटल वाच एवं डिजिटल वजन मशीन नहीं थी। मंत्रा ऐप पर फीडिंग नहीं की जा रही थी।<br>**आशा:** की डायरी अपडेट नहीं थी। आशाएं ई कवच पोर्टल पर प्रशिक्षण मॉडल पर हैं जिसके करण ई कवच सर्वे प्रारम्भ नहीं हुआ है इसके सम्बन्ध में BCPM को प्रशिक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया। आशाओं को डायरी अद्यतन करने हेतु कहा गयझं | मुख्य बिन्दुओं पर कार्य किये किये जाने की आवश्यकता है। |

## 3. प्राथमिक स्वास्थ्य स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र रंभौली, ब्लॉक सदर

| OBSERVATION | RECOMMENDATION |
|---|---|
| द्वितीय टीम द्वारा तृतीय इकाई **प्राथमिक स्वास्थ्य स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र रंभौली, ब्लॉक सदर** का भ्रमण किया गया। भवन पर पुरानी ब्रांडिंग के ऊपर पुनः गुलाबी रंग कर दिया गया है। जिससे ब्रांडिंग दिख नहीं रही है। इंटरनल ब्रांडिंग हुई है एवं IEC सम्बंधित पोस्टर्स आदि प्रदर्शित थे। 99 आवश्यक औषधियों में केवल 37 उपलब्ध थी। फार्मासिस्ट जनपद से दवाएं लेने हेतु गए थे। प्रभारी | मुख्य बिन्दुओं पर कार्य किये किये जाने की आवश्यकता है। |

| | |
|---|---|
| चिकित्साधिकारी महोदय के पास हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र से सम्बंधित रिपोर्टिंग आईडी, NCD स्क्रीनिंग आईडी, ई–संजीवनी आईडी उपलब्ध नहीं थी। स्टाफ नर्स का पद रिक्त है। प्रिंटेड OPD रजिस्टर नहीं है। प्रभारी चिकित्साधिकारी को हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र सम्बन्धी को OPD, ड्रग स्टॉक, रेफरल एवं फॉलो–अप रजिस्टर आदि को अद्यतन करने हेतु सुझाव दिया गया। | |

तत्पश्चात PHC से जनपद मुख्यालय पर प्रस्थान किया गया एवं ई–संजीवनी हब से सम्बंधित सभी चिकित्साधिकारियों की ई–संजीवनी पोर्टल, रिपोर्टिंग पोर्टल एवं स्क्रीनिंग पोर्टल के सम्बन्ध में अभिमुखीकरण किया गया।

टीम के सदस्य श्री मान बहादुर, जिला कम्युनिटी प्रॉसेस प्रबंधक, जनपद–सिद्धार्थ नगर द्वारा जिला कम्युनिटी प्रॉसेस प्रबंधक, जनपद–महराजगंज को आई0ई0सी0, प्रिंटिंग सम्बन्धी कार्यों में सहयोग प्रदान किया गया।

सायं 06:00 बजे दोनों टीमों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा आहूत बैठक में उन्हें समस्त बिंदुओं/गैप्स से अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा समस्त सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं/अधिकारियों को गैप्स को क्लोज़ करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अपने पर्यवेक्षण बिंदुओं से अवगत कराया गया।

**तृतीय दिवस दिनांक 22.10.2022**

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं डिलीवरी पॉइंट पिपरा रसूलपुर, ब्लॉक सदर**

| OBSERVATION | RECOMMENDATION |
|---|---|
| द्वितीय टीम द्वारा उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र पिपरा रसूलपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के मुख्य बिंदु निम्नवत हैः<br>भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, ANM सेंटर एवं हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र एक ही बॉउंड्री के अंदर स्थित हैं। सम्पूर्ण फैसिलिटी को कायाकल्प हेतु नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। पेंटिंग, फर्श आदि कार्य चल रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र की पेंटिंग की जा चुकी है तथा ब्रांडिंग किया जाना बाक़ी है। सभी फर्नीचर उपलब्ध हैं। IEC मटेरियल सभी उपलब्ध हैं। सभी रजिस्टर पूर्ण रूप से भरे हुए हैं। 58 के सापेक्ष 25 दवाएं उपलब्ध हैं। 14 के सापेक्ष 7 जांचें उपलब्ध हैं। ANM मीरा देवी मौर्या द्वारा VHND सत्र का आयोजन किया जा रहा था। सी एच ओ को निर्देशित किया गया कि नया प्राप्त सामान रजिस्टर में अपडेट कर दिया जाए। जनपद पर उपलब्ध 44 दवाएं केंद्र पर उपलब्ध कराने हेतु BCPM को निर्देशित किया गया। सब सेंटर पर 2 आशाओं को आशा डायरी, HBNC फॉर्मेट, आशा वाउचर पर अभिमुखीकरण किया गया। नियमित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया। | मुख्य बिन्दुओं पर कार्य किये किये जाने की आवश्यकता है। |

Jayprakash
RM-CP Kanpur

Brijendra Sinha
बृजेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव
टेक्निकल कंसल्टेंट–एच०डब्ल्यू०सी०
एस०पी०एम०यू०, एन०एच०एम०, यू०पी०